# आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्या:डीजी–चार–स्था0–293/2023 दिनांक 29.05.2023 द्वारा समयावधि पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप उपनिरीक्षक ना0पु0 842412069 शिव सिंह का कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमि0 आगरा स्थानांतरण किया गया था, जिसके अनुपालन में पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर के आदेश संख्या:त–917/2023 दिनांक 10.01.2024 द्वारा विलम्ब से उक्त उपनिरीक्षक को कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमि0 आगरा हेतु स्थानांतरण पर कार्यमुक्त किये जाने के विरूद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या: ए–2341/2024 उपनिरीक्षक शिव सिंह, कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य योजित की गयी थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 19.02.2024 को सुनवाई के उपरान्त स्थानांतरण आदेश दिनांक 29.05.2023 एवं कार्यमुक्ति आदेश दिनांक 10.01.2024 को पारित आदेश दिनांक 19.02.2024 द्वारा abeyance करते हुए अगले स्थानांतरण सत्र में विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्थानांतरण किये जाने की छूट प्रदान की गयी है।

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या:5001/आठ–1–86 दिनांक 11.07.1986 में निहित निर्देशानुसार उपनिरीक्षक ना0पु0 842412069 शिव सिंह द्वारा कमिश्नरेट कानपुर नगर की समयावधि 06 वर्ष से अधिक पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप उक्त रिट याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 19.02.2024 को पारित किये गये आदेश द्वारा अगले स्थानांतरण सत्र में विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्थानांतरण किये जाने की छूट प्रदान किये जाने के समादर में उपनिरीक्षक ना0पु0 842412069 शिव सिंह को कमिश्नरेट कानपुर नगर से कानपुर जोन स्थानांतरित किया जाता है। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(समयावधि/मा0 उच्च न्याया0)–264/2024 दिनांक 10.06.2024** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(264)2024/852 DT 10-06-2024

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002**

संख्या:डीजी–चार–स्था0–(264)/2024/852 | दिनांक:जून 10, 2024

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1 पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त **कर्मी को 10 दिवस के अन्दर प्रत्येक दशा में (बिना किसी विलम्ब के) कार्यमुक्त करते हुए दिनांक 20.06.2024 तक** सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को **प्रस्थान की जीडी नं0 दिनांक सहित** अनुपालन आख्या भिजवानें का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

2 अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के आगमन एवं आवंटन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनांक वही**

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित:–**

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।